हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025



14 एसपी ने झुग्गियों में जाकर फैलाया शिक्षा का प्रकाश





14 दीपावली पर घी के दीपक के साथ पेड़ अवश्य लगाएं




## खबर संक्षेप



### अंकित यादव बने शिवसेना अध्यक्ष

**नारनौल।** शिवसेना सदस्यता अभियान के तहत जिले में हरियाणा उप प्रमुख विपिन आर्य व शिवसेना इकाई गोरक्षा दल के जिला प्रमुख राजू सैनी ने गांव बुडीना में अंकित यादव को शहर अध्यक्ष व अविनाश सैनी को जिला उपाध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर कपील, मिंटू हाडा, बंटी, अर्पित, तरुण हाडा, पवन निशु, राजेंद्र आदि मौजूद थे। जिन्होंने शिवसेना में शामिल होने के लिए खुशी जाहिर की।

### सड़क हादसे में पति पत्नी व बेटी घायल

**नारनौल।** बेलेनो गाड़ी ड्राइवर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में पति-पत्नी व बेटी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कनीना के गांव भालखी निवासी प्रमोद कुमार बीते शनिवार शाम अपनी पत्नी प्रिया व बेटी पायल के साथ बाइक पर सवार होकर नारनौल से घर का सामान लेकर वापस अपने गांव जा रहा था। इस दौरान मित्रपुरा मोड़ पर जब वे रोड क्रास कर रहे थे, तो एक बेलेनो गाड़ी चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसके कारण तीनों बाइक से दूर जा गिरे। टक्कर की वजह से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां पर भीड़ जमा हो गई।

### अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर को दोपहर 3:44 से और 21 अक्टूबर को शाम 5:54 बजे तक होगी

# दीपावली आज : लोगों ने बाजारों में बर्तन, गिफ्ट और मिठाई की दुकानों पर जमकर की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दीपावली पर्व से एक दिन पूर्व लोगों ने बाजार में जमकर खरीदारी की। सारा दिन बाजारों में चहल-पहल रही। बर्तन, गिफ्ट, ज्वेलरी, किरयाने, इलेक्ट्रानिक्स व ऑटो मोबाइल की दुकानों पर भीड़ रही। बाजार में कई जगह पुलिस की तैनाती भी देखने को मिली। हालांकि विद्वानों में दीपावली तिथि को लेकर थोड़ा संशय बना हुआ है कि पर्व 20 को होगा या 21 अक्टूबर को। शहर में अधिकतर जगह सोमवार को ही दीपावली मनाई जा रही है। आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने बताया कि अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर को दोपहर तीन बजकर 44 मिनट पर प्रारंभ होगी और 21 अक्टूबर को शाम पांच बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। धर्म सिंधु व निर्णय सिंधु के मतानुसार निशीथ व्यापिनी कार्तिक अमावस्या को ही दीपावली पूजन करना शास्त्र सम्मत है, इस दृष्टि से 20 अक्टूबर को ही दीपावली पूजन किया जाएगा।

**लक्ष्मी पूजन का शुभ समय :** आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने बताया कि दिवाली पर गणेश-लक्ष्मी पूजन प्रदोष व वृषभ काल में अत्यंत शुभ माना गया है। दीपावली पर प्रदोष काल शाम 05:50 बजे से रात 08:23 बजे तक रहेगा। वृषभ लग्न शाम 07: 14 बजे से रात 09:10 बजे तक रहेगा। मिथुन लग्न रात्रि 9:10 से 11:20 तक तथा सिंह लग्न मध्य रात्रि 01:44 से 04:00 बजे तक रहेगा।

**दीयों की पुरानी परंपरा को जीवित रखे है प्रजापत समाज :** इस मौके पर अटेली की मुख्य बाजार में दुकान लगा कर बैठे राजेश कुमार प्रजापत ने बताया कि वह और उसका परिवार दिवाली पर मिट्टी के दीये बनाता है, लेकिन लागत, सरकारी मदद की कमी और संसाधनों के अभाव से नई पीढ़ी इस पुश्तैनी काम से दूर हो रही है। मिट्टी से बने दीयों की चमक को कोई भी कृत्रिम रोशनी पूरा नहीं कर सकती है। हालांकि आज वह समय में हमारी ये पुरानी प्रथा और पुरानी संस्कृति कहीं न कहीं दम तोड़ती जा रही हैं। वह खुद राजस्थान में अध्यापक होते हुए भी मिट्टी के दीए बनाते हैं।





मंडी अटेली। छोटी दीपावली पर मिट्टी के बर्तनों की खरीदारी करती महिलाएं व पुराने स्टेंड मुख्य बाजार वाली गली में लगा जाम। फोटो : हरिभूमि

### दीपावली पूजन विधि

*एक चौकी पर नया लाल कपड़ा बिछाएं। अब गणेश-लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापित करें। सबसे पहले गंगाजल से मां लक्ष्मी व भगवान गणेश को स्नान कराएं। अब उन्हें वस्त्र, कमल या गुलाब के फूल व इत्र आदि अर्पित करें। इसके बाद भक्ति भाव के साथ एक-एक करके सभी सामग्री चढ़ाएं। अब गणेश-लक्ष्मी जी का तिलक करें और अक्षत लगाएं। अब भोग लगाने के बाद आरती उतारें। इस प्रकार पूजन करने से लक्ष्मी जी की अखंड कृपा प्राप्त होती है।*

### बाजारों में जाम से भी जूझे शहरवासी

अटेली शहर में जाम की समस्या विकराल बनी रही। खरीदारी के चलते बाजार में दुकानों के बाहर सड़कों पर वाहनों की कतारें लगी रही, जिससे यातायात बाधित हो गया। दोपहर एक बजे से जो भीड़ इतनी उमड़ी की हर जगह जाम ही जाम का नजारा दिखा। जाम भी इस कदर था कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। आलम यह रहा कि सामानों को लोग हाथ में ऊपर उठाकर चलते दिखे। कोई साइकिल, बाइक, गाड़ी में चल रहा था तो कोई हाथों में झाड़ू, बर्तन और अन्य सामान लेकर चल रहे थे। भीड़ से निकलने के लिए हर कोई बेचैन था। शहर में देर रात तक भयंकर जाम की स्थिति बनी रही। एक चौराहे से दूसरे चौराहे तक का रास्ता आम दिनों में पांच से 10 मिनट में पूरा हो रहा था। नियंत्रण के लिए प्रशासन की ओर से जो पुलिस व होमगार्ड जवान तैनात किए गए थे वो भी बेबस बने रहे।

### बाजारों में रही रौनक

*मंडी अटेली। दीपावली पर अटेली मंडी में देर शाम तक लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं अटेली मंडी पुलिस का लगातार पहरा रहा। रविवार को सवेरे से ही बाजार खुल गए था। दुकानदारों ने अपने स्टाल लगाकर जमकर बिक्री की। दीपावली की सजावट के लिए चाइनीज झालरों की इस बार भी जमकर बिक्री हुई। मिठाईयां की दुकानों पर देर शाम तक लोगों ने जमकर खरीदारी की। आभूषण, श्रृंगार, बर्तन, प्रकाश से जुड़ी सजावटी वस्तुओं, लक्ष्मी की मूर्तियों की जमकर बिक्री हुई। घर की साज सज्जा व पूजा अर्चना के लिए बाजार में महिलाओं की भारी भीड़ रही। खरीदारी करने वाली महिलाओं का कहना है कि दीपावली पर्व पर पूरे घर की साफ सफाई के बाद सजाया जा रहा है। घर को रोशनी से जगमगाने के लिए बिजली उपकरण, झालर आदि खरीदे।*

### त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मचारी रहेंगे मुस्तैद : डीएसपी

**कनीना।** दीपावली के त्योहार पर क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए सिटी थाना व सदर थाना पुलिस कर्मचारी पूरी तरह से मुस्तैद रहेंगे। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा-निर्देश में डीएसपी दिनेश कुमार ने बताया कि उनकी ओर से शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक संदीप हुड्डा शहर सहित आठ गावों में लगातार नजर रखेंगे। वहीं, बस स्टैंड, एसडीएम कार्यालय, रेवाड़ी मोड़ टी प्वाइंट, मंडी रोड सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, जो यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के साथ आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण रखेंगे। इसी प्रकार सदर थाना इंचार्ज सजन सिंह वशिष्ठ अपने क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहेंगे। उन्होंने कहा कि हरित के अलावा पटाखों की बिक्री पर बैन है, फिर भी किसी गांव में अवैध रूप से कोई भी दुकानदार ऐसा करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। रात आठ बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे छोड़े जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग दीपावली का त्योहार सादगी व शालीनता के साथ मिलकर भाईचारे का संदेश दे।



# ब्रह्मचारी रोड पर 300 मीटर हिस्सा वर्षों से बदहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में ब्रह्मचारी मार्ग जर्जर अवस्था में है। जगह-जगह गड्ढे होने के कारण मोहल्लावासी व राहगीर परेशान हैं। 300 मीटर जर्जर मार्ग से दो से ढाई हजार से अधिक लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। यह मार्ग स्टेट हाईवे 148बी का शहर से सबसे सुगम मार्ग है। महिला कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय, लघु सचिवालय सहित निजी स्कूल व बड़े शोरूम होने के कारण दिनभर भीड़भाड़ रहती है। बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाता है। इस टूटे सड़क मार्ग के कारण वाहन कबाड़ बन जाते हैं। 12 वर्ष पहले बने ब्रह्मचारी मार्ग टूटा होने के कारण कई लोग घायल हो चुके हैं।

नगर पालिका द्वारा देवीलाल कॉलोनी से सतनाली चौक तक यह सड़क मार्ग बना दिया, लेकिन ब्रह्मचारी मार्ग बदहाल अवस्था में है। लोग लघु सचिवालय जाने के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा लोग सब्जी मंडी व शहर का प्रमुख 11 हट्टा बाजार जाने के लिए इसी रोड से होकर गुजरते हैं। स्कूली विद्यार्थी व कॉलेज की छात्राएं महाविद्यालय में इसी रास्ते से जाते हैं। आसपास के गांवों के ग्रामीण भी इसी रास्ते से सब्जी व अन्य सामान लेने के लिए आते हैं। रोड टूटे होने के कारण वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि टूटा मार्ग होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। कई बार तो बाइक चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल हो जाते हैं। नगर पालिका ने देवीलाल कॉलोनी से सतनाली चौक तक मार्ग बना दिया, लेकिन ब्रह्मचारी रोड का 300 मीटर रोड छोड़ दिया। जिसके कारण लोग इस सड़क मार्ग से आन-जाने में परेशानी हो रही है। यह मार्ग बस स्टैंड के लिए सबसे छोटा मार्ग है। जब यहां से साधन गुजरते है तो तो टूटे मार्ग से काफी धूल उड़ती है। जिसके कारण आसपास के दुकानदारों को परेशानी हो रही है। लेकिन नगर पालिका इस और ध्यान नहीं दे रही है। टूटे मार्ग के कारण दुकान भी प्रभावित हो रही हैं। नगर पालिका प्रशासन को चाहिए कि इस मार्ग को शीघ्र बनवाया जाए।

### दीपावली बाद बनवाया जाएगा रोड

ब्रह्मचारी मार्ग काफी दिनों से जर्जर अवस्था में हैं। नगर पालिका द्वारा ब्रह्मचारी मार्ग पास किया हुआ है। दीपावली बाद इस सड़क मार्ग को बनवा दिया जाएगा।
– **रमेश सैनी**, प्रधान नगरपालिका महेंद्रगढ़।

## शुभ दीपावली



नारनौल। दिवाली पूजन के लिए लक्ष्मी जी व श्रीगणेश की मूर्ति खरीदती महिला।

### हरिश ने पैरा स्विमिंग में जीता गोल्ड व सिल्वर मेडल

**नारनौल।** सिंघानिया यूनिवर्सिटी पचेरी के छात्र हरिश ने 9वीं राजस्थान स्टेट पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर दो पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता 17 से 19 अक्टूबर तक स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान सीकर में आयोजित हुई, जिसका आयोजन दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान द्वारा किया गया। हरिश ने अपने अद्भुत हौसले और मेहनत की मिसाल पेश कर 100 मीटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक और 50 मीटर तैराकी स्पर्धा में रजत पदक जीते। हरिश ने वरिष्ठ वर्ग में कड़े मुकाबले में बेहतरीन तकनीक और दमदार प्रदर्शन का परिचय दिया। विवि खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर खेल सुविधा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की व्यवस्था करता है।



### जेसीबी से टकराई कार, 3 घायल

**नारनौल।** गुरुग्राम से रतनगढ़ जा रहे एक परिवार की कार का शनिवार रात को नेशनल हाईवे 11 पर भांखरी नहर के पास एक्सीडेंट हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम निवासी धीरज चौधरी अपनी पत्नी संचिता पैसिया, साले आयुष लाडूणा व पेट डॉग के साथ कार से राजस्थान के रतनगढ़ जा रहे थे। जब उनकी कार भांखरी नहर के पास पहुंची, तो वहां सड़क के बीच बिना किसी लाइट या रिफ्लेक्टर के एक जेसीबी खड़ी थी। अंधेरा होने के कारण जेसीबी नजर नहीं आई और कार उसमें जा टकराई। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने भी उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा जेसीबी व पिछला हिस्सा ट्रक से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में धीरज चौधरी, उनकी पत्नी संचिता व आयुष लाडूणा घायल हो गए।



**दिक्कत** सरल पोर्टल की खामी से कास्ट सर्टिफिकेट नहीं बन पाए, अब भुगतना पड़ रहा खामियाजा

# सीईटी करेक्शन पोर्टल खुलने से भी नहीं मिल रही राहत, 14 जून तक के दस्तावेज ही मान्य

### हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की शर्त से युवाओं की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से सीईटी 2025 परीक्षा के बाद करेक्शन पोर्टल खोल दिया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी अपने आवेदन फॉर्म में हुई त्रुटियों को सुधार सकते हैं। आयोग ने इसके साथ फॉर्म में आरक्षण हेतु श्रेणी बदलने का भी विकल्प दिया है लेकिन इसके लिए एक शर्त रखी गई है। एक अप्रैल से 14 जून 2025 तक बने दस्तावेज ही मान्य होंगे। इस निर्णय से हजारों अभ्यर्थी परेशान हैं। दरअसल, फॉर्म भरते समय सरल पोर्टल काम न करने के कारण कई युवाओं के जाति प्रमाण पत्र समय पर नहीं बन पाए थे। फिलहाल आयोग के नियमों के अनुसार करेक्शन पोर्टल 24 अक्टूबर तक खुला रहेगा। अब देखना यह होगा कि सरकार युवाओं की इस मांग पर क्या निर्णय लेती है।

गौरतलब है कि सीईटी परीक्षा के लिए अधिसूचना 27 मई को जारी हुई थी जिसके बाद 28 मई से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई थी। पहले अंतिम तिथि 12 जून रखी गई थी लेकिन वेबसाइट की तकनीकी समस्याओं के चलते इसे दो दिन बढ़ाकर 14 जून तक कर दिया गया। परीक्षा में सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए पासिंग मार्क्स 50 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के लिए 40 प्रतिशत निर्धारित किए गए है। ऐसे में यदि जाति प्रमाणपत्र अपडेट नहीं होता तो कई अभ्यर्थी वंचित रह जाएंगे।



जाति सर्टिफिकेट से वंचित अभ्यर्थियों ने 'मजबूरन' सामान्य श्रेणी में किया आवेदन

ओटीपी की लुका-छुपी और सर्वर की मनमानी

नारनौल । 14 जून को प्रकाशित समाचार।

### केवल 14 जून तक बने दस्तावेज ही स्वीकार्य

सरकार ने फॉर्म में संशोधन करने के लिए 17 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक का समय दिया है लेकिन आयोग के नोटिफिकेशन के अनुसार केवल 14 जून तक बने दस्तावेज ही करेक्शन के लिए स्वीकार्य होंगे। इसका अर्थ यह है कि जो अभ्यर्थी 14 जून के बाद जाति प्रमाण पत्र या अन्य दस्तावेज बनवा पाए हैं वे श्रेणी परिवर्तन नहीं कर सकेंगे। युवाओं का कहना है कि यदि 14 जून तक उनके जाति प्रमाण पत्र बन जाते तो वे उसी समय फॉर्म को अपनी श्रेणी के अनुसार सही भर देते। लेकिन सरल पोर्टल तकनीकी रूप से सही कार्य नहीं कर रहा था। अब करेक्शन पोर्टल खुलने पर भी राहत नहीं मिली।

### सरकार राहत दे

*नारनौल के अभ्यर्थी पुनीत कुमार, जयवीर, सन्नी, प्रदीप, अंकित और योगेश का कहना है कि सरकार को परिक्षार्थियों की स्थिति को समझना चाहिए। सरल पोर्टल की खराबी के कारण हमारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाया, इसमें हमारी गलती नहीं थी।*

### मीठी ठंड के साथ आबोहवा में घुलने लगा जहर

# नारनौल में प्रदूषण का स्तर बढ़ा वायु गुणवत्ता सूचकांक 289 पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अक्टूबर महीने की शुरुआत से ही त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। पहले दशहरा और अब दीपोत्सव में पाबंदी के बाबजूद आतिशबाजी व पराली जलाने की घटनाओं से हर साल फिजाओं में जहर घुलने लगता है। इसकी वजह से राज्य के कई इलाके गंभीर रूप से वायु प्रदूषण की चपेट में आ जाते हैं। दीपावली के बाद प्रदेश के अधिकतर इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अचानक बहुत खराब यानी आरेंज व रेड जोन (एक्यूआई 300-400) में पहुंच जाता है। रविवार को भी एक्यूआई खतरे की श्रेणी में पहुंच गया है।

मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्रमोहन ने बताया कि ठंड बढ़ने की वजह से अक्तूबर से फरवरी महीने में धुंध बढ़ने के साथ ही प्रदूषण का स्तर भी काफी बढ़ जाता है। पराली व पटाखे जलाने से प्रदूषण का स्तर खतरनाक हो जाता है। इससे खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। इसलिए जनता की भलाई में पटाखों पर कुछ बंदिश लगाई गई है। रविवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में केंद्रीय व राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार हरियाणा एनसीआर दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक के तहत गाजियाबाद 333 एक्यूआई के साथ सम्पूर्ण भारत में प्रथम रहा। बहादुरगढ़ का 294, रोहतक 290 व नारनौल का 289 रहा है।

**दीपावली उत्सव :** एसपी पूजा वशिष्ठ की दीपावली पर पहल, श्रीहरि आश्रम में जाकर बच्चों को भेंट की शिक्षा किट, जमीन पर बैठकर बच्चों की ली क्लास और समझाया पढ़ाई का महत्व

# एसपी ने झुग्गियों में जाकर फैलाया शिक्षा का प्रकाश

**रोटरी क्लब सिटी व रोटरी क्लब बेलाज ने झोपड़ियों में मिठाई व मोमबत्ती वितरित की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दीपावली पर्व पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने रविवार को श्रीहरि आश्रम परिसर में स्थित झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के साथ खुशियां बांटी और उनके जीवन में एक नई रोशनी लाने का प्रयास किया। दीपावली के उल्लास भरे माहौल में एसपी पूजा वशिष्ठ ने इन बच्चों से आत्मीयता से मुलाकात की। उन्होंने प्रत्येक बच्चे को चॉकलेट देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। यह मुलाकात केवल औपचारिकता नहीं थी, बल्कि उन्होंने पूरी तसल्ली और स्नेह के साथ बच्चों से बातचीत की तथा उनके सपनों व दैनिक जीवन के बारे में जाना।

उन्होंने बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उन्हें शिक्षा किट भी वितरित की। इन किट में पढ़ाई-लिखाई से संबंधित आवश्यक सामग्री शामिल थी, जिससे बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित किया जा सके। एसपी वशिष्ठ ने बच्चों के बीच फर्श पर बैठकर न केवल उनसे संवाद किया, बल्कि उन्होंने एक संक्षिप्त कक्षा भी ली। इस सहभागिता ने बच्चों को यह महसूस कराया कि पुलिस प्रशासन उनके कल्याण के प्रति कितना संवेदनशील है। बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान और उनके उत्साह ने इस दीपावली को और भी यादगार बना दिया। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कहा कि दीपावली का त्योहार प्रकाश का त्योहार है और हमारा कर्तव्य है कि हम हर बच्चे के जीवन में शिक्षा व स्नेह का प्रकाश भरें। इन बच्चों के साथ समय बिताना सौभाग्य की बात है।

**दीपावली पर भक्तिमय माहौल में निकाली 144वीं प्रभात फेरी:** नारनौल। राधे नाम की अलख जगाने वाली राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को दीपावली के पावन अवसर पर 144वीं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी शिव कॉलोनी से प्रारंभ हुई। जिसमें यजमान जयप्रकाश संघी परिवार ने ठाकुर जी की आरती कर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। ढोल मंजीरों और मृदंग की मधुर थाप पर भक्तों ने राधे राधे नाम का जयघोष करते हुए पूरे क्षेत्र को भक्ति रस में रंग दिया। महिलाओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य कर ठाकुर जी को रिझाया।

प्रभात फेरी में शामिल भक्तों ने संकीर्तन रथ के संग राधे नाम का गान करते हुए पूरे नगर में प्रेम, शांति और आनंद का संदेश फैलाया। इस दौरान लोगों ने प्रभात फेरी का स्वागत फूलों की वर्षा कर किया व ठाकुर जी के दर्शन कर अपने को धन्य महसूस किया। अंत में सनातन धर्म के जयकारों के साथ प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि अगली भव्य प्रभात फेरी का आयोजन नई मंडी स्थित विशाल गोयल के निवास स्थान से किया जाएगा। इसमें भक्तजन उपस्थित रहें।

### संस्कारों की पाठशाला



नारनौल। झुग्गियों में रहने वाले बच्चों को पढ़ाती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

### एसपीजी स्कूल में दीया सजाओ प्रतियोगिता



**महेंद्रगढ़।** डुलाना चितलांग रोड स्थित एसपीजी आईएएस स्कूल में दीपावली पर रंगोली और दीया सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों ने अपनी रचनात्मकता से पारंपरिक और आधुनिक रंगोलियों का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोलियों में पारंपरिक और आधुनिक विषय का सुंदर मिश्रण देखने को मिला। चेयरमैन डॉ. विरेंद्र राव ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने में मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भी गतिविधि-आधारित शिक्षण को विशेष महत्व दिया गया है, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है। उन्होंने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पटाखों के सुरक्षित उपयोग की सलाह भी दी। सीईओ रोहित यादव ने दीपावली पर्व की शुभकामना देकर उपहार भेंट किए।

### स्थानीय कारीगरों के बने दीपों का करें उपयोगः विधायक



*महेंद्रगढ़। विधायक कंवर सिंह यादव ने शहर में आमजन और व्यापारियों को दीपावली पर्व की शुभकामना दी। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि दीपावली पर्व आपके जीवन में खुशहाली, समृद्धि और उजाला लेकर आए। दीपों का पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने और आपसी प्रेम व सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देता है। स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर स्थानीय व्यापारियों का सहयोग करना ही सच्चे अर्थों में राष्ट्रहित है। स्थानीय कारीगरों के बने दीपों व सामान का उपयोग करें। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री योगेश शास्त्री, मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ शेखावत, वाईस चेयरमैन कृष्ण सैनी, नांगल सिरोही मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, महेंद्रगढ़ मंडल अध्यक्ष संदीप, सतनाली मंडल अध्यक्ष रवि, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल, महेंद्रगढ़ व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, कर्मवीर राव, राहुल यादव, नीरज बेरी, प्रवीण कुमार माजरा खुर्द, सरपंच देसराज पाली, प्रेम फौजी, रणधीर सिंह आदलपुर, कैप्टन सुरेश कुमार, कृष्ण ठेकेदार, पार्षद मुकेश कुमार, सुमित गोयल, इंद्रपाल, अमित कुमार व दीपक बुचोली आदि मौजूद रहे।*


### रोटरी क्लब ने झुग्गियों में वितरित की मिठाई



**नारनौल।** रोटरी क्लब सिटी व रोटरी क्लब बेलाज की ओर से रविवार को छोटी दीपावली के अवसर पर झुग्गी झोपड़ियों में मिठाई व मोमबत्ती वितरित की गई। क्लब के सदस्यों ने राधा कृष्ण मैरिज गार्डन के नजदीक झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले मजदूरों को दीपावली के पावन त्योहार पर मिठाई व दिवाली की रोशनी मोमबत्तियां वितरित कर दिवाली की बधाई दी। क्लब प्रधान राजकुमार चौधरी ने कहा कि दिवाली संपूर्ण भारतवर्ष का सबसे प्रमुख त्योहार माना जाता है। जिसे समाज का हर वर्ग खुशी खुशी मना कर एक दूसरे को बधाई देते हैं। इस मौके पर एडवोकेट राजकुमार यादव, प्रवीण संघी, नरेश गोगिया, विजय जिंदल, पवन गुप्ता, संदीप शुक्ला, डॉ. गौरव जैन, आदिश जैन, मोहित चौधरी, कमल संघी, बेलाज प्रधान निर्मल जिंदल, नीलम चौधरी व गीतांजलि चौधरी आदि मौजूद थे।

### शहर में निकाली 163वीं प्रभात फेरी





**नारनौल।** दीपावली के पावन अवसर पर प्राचीन प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्था प्रभात फेरी संगठन की ओर से मोहल्ला बावड़ीपुर से 163वीं निप्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित मनमोहन शर्मा व शुभम शर्मा ने प्रभात फेरी के मुख्य यजमान सतीश शर्मा परिवार से ठाकुर जी व निशान का पूजन करवाया। गीता पाठ करके प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम प्रभात फेरी महिला संगठन की वरिष्ठ सदस्य सुमित्रा सैनी ने दीप घर घर जलेंगे आएंगे भगवान, बरसाने में राधे राधे, नंद गांव में राधे राधे भजन के माध्यम से प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। संगठन के संचालक घनश्याम गर्ग ने बताया कि संजय सैनी व गोविन्द सैनी ने प्रभात फेरी में उपस्थित सभी भक्तों के मन में श्री राधे नाम की ऐसी मस्ती भरी की सभी भक्त राधे राधे की मस्ती मे झुमने लगे। संगठन के महासचिव महेंद्र सैनी व मनिंद्र सैनी, समिति के संरक्षक सीताराम चौबे, विजय सिंह ने बताया कि पुष्प वर्षा करके ठाकुर जी की आरती कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य सोमदेव शर्मा व यशपाल शर्मा ने ढोलक की थाप व नगाड़े, मंजीरे बजाकर राधा नाम की ऐसी अलग जगाई की लोग नाचने के लिए मजबूर हो गए। आरती के बाद टॉफी व माखन मिश्री का भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

### देवयानी स्कूल में मनाया दीपावली पर्व



*महेंद्रगढ़। देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के बच्चों ने दीपावली पर्व पर सुंदर झांकी प्रस्तुत की। पांचवी कक्षा से प्रिंस ने राम, सनाया यादव ने सीता, तनसु ने भरत, दीपांश ने हनुमान, युग ने लक्ष्मण, जयस ने भरत, कार्तिक ने सुग्रीव, नागेश ने गणेश, जानवी ने लक्ष्मी का रूप धारण कर सुंदर अभिनय किया। प्राइमरी सेक्शन से सावरा यादव, नव्या ढिल्लो, रिया यादव, शगुन चौधरी, कामना, पायल, हनी, काव्य आदि बच्चों ने सुंदर नृत्य किया। प्राइमरी मिडिल और सीनियर ग्रुप में सभी बच्चों ने अपने-अपने ग्रुप में मेहंदी कंपटीशन और दीया मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रोग्राम संचालन का काम नितेश यादव ने किया। प्रोग्राम की रूपरेखा देने की भूमिका किड्स विंग सनी लता ने निभाई। प्राचार्य बलवान सिंह ने बच्चों को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया।*

## दीपावली पर घी के दीपक के साथ एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं : डॉ. पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राव मूलचंद ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन खटोटी खुर्द में धनतेरस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम की शुरुआत की। इसमें मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ पवन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला उत्तर शिक्षा अधिकारी डॉक्टर पूर्ण प्रभा मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप के चेयरमैन मनोज कुमार ने की। इस दौरान कॉलेज प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाएं। अधिक पेड़ लगेंगे, अधिक वर्षा होगी, जल का स्तर ऊंचा होगा, शुद्ध हवा मिलेगी और शुद्ध वातावरण मिलेगा। जिससे आने वाले पीढ़ी को यह पता लगेगा कि यह हमारे पूर्वजों ने एक पेड़ लगाया था, आज वह पेड़ एक विशाल रूप से छाया दे रहा है। वहीं डॉक्टर पूर्ण प्रभा ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य अपने जन्म दिवस पर अपनी शादी की सालगिरह पर अपने माता-पिता के जन्म दिवस पर अपने भाई-बहन के जन्म दिवस पर अपने पूर्वजों की याद में एक पेड़ अवश्य लगाएं ताकि हमारा देश, हमारा प्रदेश, हमारा जिला, हमारा गांव हरा–भरा रहे। जिससे हमारी याददाश्त बनी रही। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा एक पेड़ मुहिम की शुरुआत की गई है। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जन-जन तक इस संदेश को पहुंचाया ताकि प्रत्येक नागरिक पेड़ लगाकर यह गौरव की बात कहेगा कि यह पेड़ उसने मां की याद में लगाया था। आज वह पेड़ एक विशाल वट वृक्ष के रूप में छाया दे रहा है ताकि हमारा देश प्रगति के पथ पर बना रहे। कार्यक्रम में कॉलेज चेयरमैन मनोज यादव ने आए हुए मेहमानों का माल्यार्पण करके स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आवाहन किया है कि इस मुहिम को हमें नियंत्रण जारी रखना है। इस मुहिम के तहत 201 पौधे देकर के धनतेरस पर इस मुहिम की शुरुआत की गई। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थियों को धनतेरस पर संकल्प दिया कि दीपावली के दिन एक पेड़ अवश्य लगाएं। इस मौके पर सरपंच सत्यवीर खटौटी कला, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी उप मंडल कोऑर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली, प्रवक्ता हंसराज शर्मा, प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह यादव, कॉलेज सचिव पूनम यादव, प्राचार्य मनीष कौशिक, डॉक्टर नीरज कुमार, नवीन कुमार, पूजा, प्रियंका, सुमन, संदीप कुमार, अशोक कुमार, जोगिंदर सरपंच, प्रवक्ता कालीचरण यादव सहित ग्रुप स्टाफ मौजूद रहा।



नारनौल। पौधारोपण करते बोर्ड चेयरमैन पवन कुमार व डा. पूर्ण प्रभा।

## विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे ठाकरान ढाणी शैक्षणिक टूर पर गए




नारनौल। भ्रमण करने पहुंचे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल अटेली मंडी द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह टूर पटौदी के पास ठाकरान ढाणी में आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 130 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलकूद, टीम एक्टिविटीज और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अपना कौशल और उत्साह प्रदर्शित किया। बच्चों ने प्राकृतिक वातावरण में सीखते हुए आनंददायक क्षण बिताए। कार्यक्रम में स्कूल डायरेक्टर व प्रिंसिपल ने कहा कि ऐसे भ्रमण बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दिनभर चली इस यात्रा में विद्यार्थियों ने मनोरंजन के साथ सीखने का अद्भुत अनुभव प्राप्त किया।

### ब्रिलिएंट स्कूल में दिवाली उत्सव मनाया

**महेंद्रगढ़।** गांव धनौंदा स्थित ब्रिलिएंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीवाली उत्सव के उपलक्ष्य में रामायण चौपाई गायन, दिया सजाओ, बेस्ट फ्रॉम वेस्ट, ड्राइंग-पेंटिंग तथा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिनमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। चौपाई गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रामायण की विभिन्न चौपाइयों का सस्वर अर्थ सहित गायन करके समां बांध दिया। चौपाई गायन प्रतियोगिता में यशवंत ने प्रथम, दिव्या और केशव ने द्वितीय तथा अदिति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन गूंजन और निशिका ने किया। दीया सजाओ का आयोजन कक्षावार किया गया। कक्षा छठी की अक्षिता व आठवीं की हर्षिता संयुक्त रूप से प्रथम रही। ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम ग्रुप में चित्रा प्रथम, अवनी द्वितीय तथा मयंक व अंश तृतीय स्थान पर रहे। दूसरे ग्रुप में श्रुति और यशवंत प्रथम, दिव्या और मानवी द्वितीय तथा रिहान और सौम्या तृतीय स्थान पर रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, अंशिका द्वितीय तथा तनु और बानी तीसरे स्थान पर रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में 12वीं विज्ञान संकाय और सातवीं की छात्राओं ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आशुतोष शास्त्री, प्रहलाद सिंह, सत्येंद्र सिंह, मुकेश यादव, रेनू यादव, नरेंद्र कौशिक, मंजीत, प्रवीण, सतीश कुमार, शन्नो तंवर, शीतल, पूजा, निशा, स्मृति सहित विद्यालय के स्टाफ मेंबर्स और विद्यार्थी उपस्थित थे।



हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

## प्रेम विवाह के दुष्परिणामों के प्रति चेताएंगे



हरिभूमि न्यूज. मंडी अटेली। सर्व जातीय मंच के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को अटेली के हनुमान मंदिर में सामाजिक बुराइयों को लेकर हुई। बैठक में अटेली के थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। मंच के पदाधिकारियों में मास्टर धर्मेंद्र, रिटायर्ड प्राचार्य डा. सत्यवीर यादव, रामसिंह मास्टर, समाजसेवी तेजप्रकाश चंदपुरा, भूपेंद्र नंबरदार, हरिसिंह, सांवलाराम, अभय सिंह, अशोक सहित अन्य मौजूद रहे। बैठक में एक ही गांव तथा एक ही गोत्र में विवाह करने से सामाजिक ताना-बाना टूट रहा है। इसके अलावा नवयुवक प्रेम-विवाह भाग कर रहे हैं जो बाद में टूटते हैं। इसके खिलाफ जागरुकता अभियान चलाएंगे।


# शान्ति यादव अस्पताल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

NABH ACCREDITED — PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE




बावल रोड़, रेवाड़ी (हरि.) मो. 01274-222206, 9896338570



डॉ. करतार सिंह यादव दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित हेल्थ अवार्ड्स 2025 में स्वास्थ्य मंत्री, आरती सिंह राव द्वारा सम्मानित होते हुए

**विशेष सुविधाएं :-**

- दूरबीन द्वारा पित्त की थैली का आप्रेशन
- दूरबीन द्वारा गदूद का आप्रेशन (TURP)
- दूरबीन द्वारा गुर्दे एवं मसाने की पथरी का आप्रेशन (PCNL, URS)
- दूरबीन द्वारा बच्चेदानी का आप्रेशन
- Trauma Centre, Thyroid Surgery
- न्यूरोसर्जरी (सिर में चोट लगना) (Head Injury) / Spine Surgery
- प्लास्टिक सर्जरी रेडियोलॉजी
- CT Scan
- Mammography
- कैंसर सर्जरी एवं कैमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
- यूरोफ्लोमीटरी
- डिजिटल एक्स-रे सुविधा
- आधुनिक आई.सी.यू. सुविधा
- डिजीटल विडियो काल्पोस्कोपी
- एण्डोस्कोपी (Endosopy / Colonoscoy)
- ERCP की सुविधा



डॉ. करतार सिंह यादव दैनिक जागरण की ओर से आयोजित हेल्थ एक्सीलेंस- 2025 अवार्ड में मुख्य अतिथि राव नरबीर सिंह (उद्योग एवं वन पर्यावरण मंत्री) द्वारा सम्मानित होते हुए



Felicitation by President YADAV KALYAN SABHA REWARI



Felicitation by ASI PRESIDENT



Felicitation by ROTARY CLUB REWARI CITY PRESIDENT



डॉक्टर करतार सिंह यादव को अमर उजाला द्वारा समर्पण सम्मान कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव सम्मानित करते हुए

दूरबीन द्वारा हर प्रकार के ऑप्रेशन की विशेष सुविधा
24 घण्टे आपातकालीन सेवायें उपलब्ध

SPECIALISED — CANCER CENTRE | CHEMOTHERAPY CENTRE LAPAROSCOPY CENTRE UROLOGY CENTRE | ENDOSCOPY CENTRE

कैंसर जांच व आप्रेशन की सुविधा जैसे स्तन कैंसर, बच्चादानी, OVARY, THROID CANCER, CERVIX CANCER (ग्रीवा कैंसर), RECTAL CANCER (मलाशय का कैंसर)



डॉ. करतार सिंह यादव दैनिक जागरण की ओर से आयोजित हेल्थ एक्सीलेंस- 2025 अवार्ड में मुख्य अतिथि राव नरबीर सिंह (उद्योग एवं वन पर्यावरण मंत्री) द्वारा सम्मानित होते हुए


DIALYSIS सुविधा
CASHLESS सुविधा उपलब्ध
एम्बुलेंस की सुविधा

दीपावली व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें

ALL MAJOR TPA PANEL FACILITY AVAILABLE

मेमोग्राफी। डिजीटल एक्स-रे। सीटी स्कैन (CT SCAN)
मेमोग्राफी | डिजीटल एक्स-रे | सीटी स्कैन (CT Scan)

## शांति यादव डायग्नोस्टिक सेंटर
गढ़ी बोलनी रोड़, रेवाड़ी





# दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
## नारनौल-महेंद्रगढ








उत्तरी गोलार्ध की शरद ऋतु में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक पौराणिक उत्सव है। यह कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है और भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। आध्यात्मिक रूप से यह श्अन्धकार पर प्रकाश की विजयश को दर्शाता है।



दीपावली शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के दो शब्दों श्दीपश अर्थात श्दिया व श्आवली अर्थात श्लाइन या श्रृंखला के मिश्रा से हुई है। पद्म पुराण और स्कन्द पुराण में दीपावली का उल्लेख मिलता है। माना जाता है कि ये ग्रन्थ पहली सहसब्दी के दूसरे भाग में किन्हीं केंद्रीय पाठ को विस्तृत कर लिखे थे। दीये (दीपक) को स्कन्द पुराण में सूर्य के हिस्सों का प्रतिनिधित्व करने वाला माना गया है, सूर्य जो जीवन के लिए प्रकाश और ऊर्जा का लौकिक दाता है और जो हिन्दू कैलंडर अनुसार कार्तिक माह में अपनी स्तिथि बदलता है।

दीपावली स्वच्छता व प्रकाश का पर्व है। कई सप्ताह पूर्व ही दीपावली की तैयारियाँ आरंभ हो जाती हैं। लो• अपने घरों, दुकानों आदि की सफाई का कार्य आरंभ कर देते हैं। घरों में मरम्मत, रंग–रोगन, सफेदी आदि का कार्य होने लगता है। लोग दुकानों को भी स्वच्छ कर सजाते हैं। बाजारों में गलियों को भी स्वर्णिम झंडियों से सजाया जाता है। दीपावली से पहले ही घर–मोहल्ले, बाजार सब स्वच्छ और सजे दिखते हैं। सबसे पहले चौकी पर लाल कपड़ा बिछाये लाल कपडे के बीच में गणेश जी और लक्ष्मी माता की मूर्तियां रखे– ल{मी जी को ध्यान से गणेश जी के दाहिने तरफ ही बिढाये और दोनों मूर्तियों का चेहरा पूरब ौ पश्चिम दिशा की तरफ रखे– अब दोनों मूर्तियों के आगे थोड़े रुप, इच्छा अनुसार सोने चांदी के आभुश.ा और चांदी के 5 सिक्के भी रख दे– यह चांदी के सिक्के ही कुबेर जी का रूप है– लक्ष्मी जी की मूर्ति के दाहिनी ओर अछत से अष्टदल बननां यानी कि आठ दिशा उंगली से बना, बीच से बाहर की ओर फिर जल से भरे कलश को उस पर रख दे। कलश के अंदर थोड़ा चंदन दुर्व पंचरत्न सुपारी आम के या केले के पत्ते डालकर मौली से बंधा हुआ नारियल उसमें रखें।





आप सभी कनीना वासियों को
**आप सभी को नगरपालिका कनीना की तरफ से दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।**

स्वच्छता के लिए शहरवासियों से अनुरोध
1. गीला व सूखा कूड़ा अलग -2 डस्टबीन में डाले । गीला कचरा हरे डस्टबीन में व सूखा कचरा नीले डस्टबीन में ही डाले ।
2. जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत सभी अपने-2 घरों में जल संचय करे व जल का प्रयोग आवश्यकता अनुसार ही करें।
3. खुले में शौच का प्रयोग ना करे। शौचालय का ही प्रयोग करे ।
4. डोर टु डोर कूड़ा उठाने के लिए शहर में टैम्पों लगाए गए है कूड़ा टैम्पों में डाले या कूड़ेदान में ही डाले। घर के बाहर कूडा ना फेकें ।
5. दुकानदारों से अपील की जाती है कि दुकानों के बाहर अवैध रूप से सामान न रखे व अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर रखने में नगरपालिका का सहयोग करे।
6. अपनी दुकानों व घरों में पोलिथीन का इस्तेमाल ना करे।



रणबीर सिंह
नगरपालिका आयुक्त



श्रीमति रिम्पी लौढा, प्रधान, नगरपालिका कनीना
दिनेश कुमार, एमई, नपा कनीना
राकेश कुमार, जेई, नपा कनीना
कपिल कुमार, सचिव, नगरपालिका कनीना





# आकाश एकेडमी
देहरादून, सैनिक, मिलिट्री एवं नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की विशेष तैयारी

## सफलता के नित नए आयाम गढ़ती आकाश एकेडमी

### कमजोर बच्चों का रुख भी शिक्षा की ओर अग्रसर करती- आकाश एकेडमी

शिक्षा को वाणी व विचारों में समाहित करके, ज्ञान की धारा प्रवाहित करके, तीसरी कक्षा से आठवीं कक्षा तक के नन्हें-नन्हें कोमल बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के माध्यम से देश के प्रतिष्ठित स्कूलों में प्रवेश परीक्षा द्वारा चयन करवाकर एकेडमी बच्चों के मान सम्मान को बढ़ा रही है। ऐसी एकेडमी के स्टाफ सदस्यों एवं वहां के विद्यार्थियों तथा अभिभावकों का सीना गर्व से चौड़ा नहीं हो जाता होगा? अवश्य होता होगा। होगा क्यों नहीं, क्योंकि यह उपलब्धि कोई वस्तु नहीं जो मूल्य चूका कर प्राप्त कर ली गई हो, बल्कि यह उपलब्धि उनके द्वारा व बच्चों की मेहनत, परिश्रम द्वारा बहाए गए पसीने का प्रतिफल है। दिन-रात की गई मेहनत का परिणाम है। ऐसी उपलब्धियों को पाकर केवल आनंद की अनुभूति ही की जा सकती है उसकी अभिव्यक्ति शब्दों में असंभव है। ऐसी उपलब्धियां प्राप्त एकेडमी की कहानी आप पढ़ेंगे तो, आप सब कह उठेंगे। वाह! क्या एकेडमी है। हां जैसे ही आपके कदम उस एकेडमी में पड़ते हैं। एकेडमी में लगे अशोका के पेड़, वहां गेट के साथ बच्चों के खेलने के लिए एक लंबा चौड़ा मैदान और उसी मैदान में विभिन्न प्रकार के खेल जैसे वॉलीबॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, बास्केटबॉल और खो खो खेलते बच्चे। वहां हरा भरा पार्क, एक लंबा चौड़ा सेल्फ स्टडी के लिए हाल तो ऐसा लगता है मानो यही आनंद की सरिता बह रही हो। एकेडमी के रास्ते दूधिया रंग की इंटरलॉकिंग टाइलों से जुड़े हुए हैं। आगरा का लाल पत्थर जैसे हंसते खेलते, खिलखिलाते से जान पड़ेंगे और विशेष रूप से आपको रुकने के लिए विवश कर देंगे यहां से निकलने के बाद आपके कदम ऑफिस में पड़ेंगे तो सामने कुछ और ही नजारा होगा। आपको लगेगा ही नहीं कि यह एकेडमी ऑफिस है। बल्कि लगेगा कि आप किसी गुरुकुल में आ गए। सामने एलसीडी उनके स्क्रीन पर जो दृश्य हॉस्टल और क्लासों का देखेंगे तो आपका एकेडमी पहुंचना सार्थक हो जाएगा।

इस एकेडमी की सफलता की कहानी हर्ष वर्ष सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल, नवोदय स्कूलों में बच्चों का ज्यादा से ज्यादा सिलेक्शन देकर एक इतिहास बना रही है। उसके बाद जैसे ही कार्यालय से बाहर आएंगे तो सामने एक बड़ा बोर्ड सफलता की कहानी दिखाई प्रतीत होगा। यदि यहां के भोजन की बात करें तो पौष्टिक एवं संतुलित आहार परोसा जाता है। भोजन करने के बाद बच्चों की चेहरे पर छाई खुशी यह सिद्ध कर देती है कि यहां कि कुक बड़े ही मनोयोग से बच्चों के लिए खाना तैयार करती हैं। इसी आशा के साथ यह एकेडमी शिक्षाविद देवेंद्र बैरावास व विकास रामलवास के सानिध्य में सफलता के नए नित नए आयाम स्थापित कर रही है।

बच्चों में छिपी प्रतिभा को ढूंढ कर, उनमें जोश, जुनून व जिज्ञासा पैदा करना एकेडमी का एकमात्र उद्देश्य है। देश के प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल, स्पोर्ट्स स्कूल और आर.आई.एम.सी. देहरादून में सबसे अधिक विद्यार्थियों का चयन करवाने वाली संस्था आकाश एकेडमी आपके बच्चों को भावी ऑफिसर व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाते हुए आज एक दशक से भी ज्यादा समय हो गया है। इस में तीसरी कक्षा से आठवीं कक्षा तक बच्चों की गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सोशल स्टडीज तथा सामान्य ज्ञान व बुद्धि क्षमता जैसे विषयों में, बच्चों की शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करना व आत्मविश्वास से भरपूर जोश और जुनून पैदा करना इस एकेडमी का मुख्य लक्ष्य है। आज यहां से शिक्षा ग्रहण कर बच्चे देश के उच्च पदों पर अलग-अलग क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। आज यह संस्था फल के रूप में जैसे अजय जेरपुर का एनडीए में सिलेक्शन, विकास खैरोली एनडीए क्वालीफाई, लक्ष्मण मालडा व धरमवीर जेरपुर लेफ्टिनेंट सीड्स ज्वाइन, प्रीतम नंगल हरनाथ एयरफोर्स में चयन, रोहन पूहानिया (राजस्थान) चित्तौड़गढ़ सैनिक स्कूल टॉपर, वंशिका बैरावास पूरे हरियाणा में सेकंड पोजीशन व महेंद्रगढ़ में फर्स्ट पोजिशन, यक्ष मेहरा मेघनवास नगरोटा सैनिक स्कूल टॉपर, दीपेंद्र रोहतक नवोदय स्कूल करीरा टॉपर, नैना दुलोठ अहिर राई स्पोर्ट्स स्कूल सोनीपत टॉपर, नितिन खेड़ी-कांटी सैनिक स्कूल पाली कोठड़ा टॉपर, वंश सोनी पटौदी सैनिक स्कूल रेवाड़ी टॉपर, ईनेश मेघनवास सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ रिजर्व कैटेगरी टॉपर, प्रेम खेड़ा ओबीसी में सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ टॉपर, वंशिका बैरावास सैनिक स्कूल कुंजपुरा टॉपर, दक्ष मंदोला (रेवाडी) सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ टॉपर, कवीश गुर्जर टहला सैनिक स्कूल कपूरथला टॉपर, कुमार उत्सव जलाफ (नारनौल) सैनिक स्कूल झुंझुनू टॉपर, सिद्धार्थ निंबी रिजर्व कैटेगरी सैनिक स्कूल रेवाड़ी टॉपर, समीर गुती (राजस्थान) नवोदय स्कूल टॉपर, जतिन करनाल मिलिट्री स्कूल बेलगाम टॉपर, अरविंद मध्यप्रदेश रीवा सैनिक स्कूल टॉपर, दीपांशु शेखावत जाखोद, समीर नारनौल, प्रतीक गुस्कानी भिवानी, दीक्षांत धनाश्री ,दुष्यंत सोहली, नितिन तिगरा, अंश जाटवास, रूद्र जड़वा, पारस खैरोली, यशवंत राजपुरा, लव मेघनवास, काजल मध्य प्रदेश, ललित सीसोठ , कन्हैया खैरोली, गर्व प्रेमपाल, भविष्य बावल ,क्रिस डिगरोता, जतिन दायका राजस्थान, नीरज खालेटा , महत्व पहला, नितिन उत्तर प्रदेश, पियूष सीहमा आदि बच्चों ने महेंद्रगढ़ का नाम रोशन किया। इस एकेडमी का मूल उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारना है। साथ ही अभिभावकों के सपनों को साकार करना है। पिछले एक दशक से आकाश अकेडमी महेंद्रगढ़ ने 500 से ज्यादा बच्चों का चयन करवाने का गौरव प्राप्त किया है। साथ ही अभिभावकों में इस संस्था के प्रति विश्वास कायम हुआ है। शिक्षा की नगरी महेंद्रगढ़ हरियाणा के लिए गौरव की बात है। इस संस्था के अनुभवी शिक्षाविदों की टीम दिन रात मेहनत करके, गुरुकुल की तर्ज पर शारीरिक व मानसिक व बौद्धिक तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहकर बच्चों के उज्जवल भविष्य की परिकल्पना तैयार करते हैं। एकेडमी शिक्षा एक वर्ष में बच्चों में 100% परिवर्तन लाती है। नियमित 5 घंटे एक्स्ट्रा तैयारी करवा कर उनकी पढ़ने की क्षमता को बढ़ाती है। जाने-माने शिक्षाविद देवेंद्र बैरावास, विकास रामलवास जैसे शिक्षाविदों की पूरी टीम की सोच व उनके दूरदर्शिता के कारण आज इस वर्ष 32 बच्चों का सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल में सिलेक्शन संभव हो पाया है। यह संस्था प्रकृति की गोद में, एक स्वच्छ वातावरण में अपने पुराने स्थान सैनी हाई स्कूल कॉलेज रोड से अपने नए कैंपस बुंदेबाज मोड़, देवनगर अटेली रोड, महेंद्रगढ़ में अपने स्थानांतरित हो गई है।



देवेंद्र बैरावास : शिक्षाविद

आप सभी क्षेत्रवासियों को **दीपावली** की हार्दिक शुभकामनाएं

M. 94169-38144, 70155-72863

बुंदेबाज मोड़ देव नगर, अटेली रोड, (महेंद्रगढ) हरियाणा 12309